मैं तो हुआ दीवाना देखो खाटू वाले का

मै तो हुआ दीवाना, देखो खाटू वाले का,
मस्ती में पागल हो गया खाटू वाले का,
अजब नशा है, रंग चढ़ा है, खाटू वाले का, लीले वाले का,
मै तो हुआ दीवाना....

छलिए जादूगर ने, ऐसा तीर चलाया,
प्रेम का जाल बिछा के, मुझको अपना बनाया,
नजर मिलाया खुद को बनाया,
खाटू वाले का..
मै तो हुआ दीवाना....

जबसे लगन लगी है, खुद की खबर नहीं हैं,
इन आंखों को दूजा, कोई आता नज़र नहीं है,
लगे ये नजारा बड़ा प्यारा प्यारा,
खाटू वाले का..
मै तो हुआ दीवाना....

कोई कहता पागल, कोई कहता श्याम दीवाना,
कुंदन का दिल तेरा, बन गया श्याम ठिकाना,
शुकर मनाऊ गुणगान गाऊ,
खाटू वाले का..
मै तो हुआ दीवाना....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/26213/title/main-to-hua-diwana-dekho-khatu-wale-ka

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |